**16/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंज़ूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के तहत देश में सौ ज़िलों की पहचान की जाएगी, जो तीन प्रमुख संकेतकों - कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ऋण वितरण - पर आधारित होंगे।

0000000000000000000000

सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार ने रविवार को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक के दौरान, सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मानसून सत्र इस महीने की 21 तारीख से अगले महीने की 21 तारीख तक चलेगा। इस सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और पारित होने की संभावना है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य और श्रम आयुक्त स्वर्गीय मोर्गे एते के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश, विशेषकर गालो समुदाय ने एक सम्मानित व्यक्ति, एक सामाजिक और सांस्कृतिक संरक्षक को खो दिया है। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विकास और शासन में उनके योगदान, विशेष रूप से श्रम आयुक्त और एपीपीएससी सदस्य के रूप में उनके कार्यकाल ने, एक अमिट छाप छोड़ी है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चोउना मेन ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकरी साझा करते हुए कहा कि, आगामी 16 अगस्त को मेचुखा के यारग्याप चू नदी में अपने तरह का पहला ट्राउट एंगलिंग प्रतियोगिता आयोजित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता साहसिक और एंगलिंग के शौकीनों के लिए राज्य के सबसे मनमोहक परिदृश्यों में से एक में प्रकृति से जुड़ने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। श्री मेन ने कहा कि यह पहल स्थायी पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने और राज्य की समृद्ध प्राकृतिक विरासत को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000000000

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और नीपको द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सहयोग से आज पारे जलविद्युत परियोजना और उसके निचले इलाकों के लिए पहली बार मल्टी हेज़र्ड मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

प्रत्येक स्थल पर, एनडीआरएफ खोज एवं बचाव दलों ने पीड़ितों के बचाव, प्राथमिकता निर्धारण और समन्वय सहित आपातकालीन प्रतिक्रिया का सजीव प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में एपीडीए मित्रों, NSS के वॉलेन्टीयर्स और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो की अध्यक्षता में तवांग अंतर्राष्ट्रीय मैराथन 2025 के सफल आयोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, एक संयुक्त समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए एक सुनियोजित और सुव्यवस्थित मैराथन का अनुभव सुनिश्चित करना था। बैठक की मुख्य विशेषताओं में डिजिटल और पारंपरिक प्लेट्फ़ॉर्म्स पर जनसंपर्क और प्रचार गतिविधियों को तेज़ करने का सामूहिक निर्णय शामिल था। बैठक में ब्रिगेडियर भूपाल सिंह के नेतृत्व में भारतीय सेना की तवांग ब्रिगेड और मैराथन के आयोजक भी शामिल हुए।

0000000000000000000000

राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी डीडीएमओ के लिए आपदा-पश्चात आवश्यकताओं के आकलन, अरुणाचल प्रदेश आपदा रिपोर्टिंग एवं सूचना प्रणाली, भौगोलिक सूचना प्रणाली और ड्रोन संचालन पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज ईटानगर में संपन्न हुआ। इस दौरान डीडीएमओ को जीआईएस के मूल सिद्धांतों और आपदा जोखिम न्यूनीकरण में इसके अनुप्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

00000000000000000000000

न्यीशी एलीट सोसाइटी ने हाल ही में हुई हिंसक घटनाओं पर गहरा दुःख व्यक्त किया है, जिसमें मिसिंग समुदाय के दो युवकों की मौत हो गई। परिवार एवं शोक संतप्त सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, एनईएस ने इस कृत्य की स्पष्ट रूप से निंदा की है। इस बीच, सोसाइटी ने रज्य सरकार से अपील की है कि वह इस मामले की सुनवाई शीघ्रता से करके अपराधियों को कड़ी सजा और पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलाए।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 14 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, सियांग, अपर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, तिराप और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की सभावना है।

00000000000000000000000

ऑल अपर सियांग डिस्ट्रिक्ट स्टुडेंट्स युनियन - AUSDSU ने राज्य के शिक्षा मंत्री को 12 पॉइंट मैमोरेंडम सौंपा है, जिसमें जिले में शैक्षिक बुनियादी ढांचे और सुविधाओं से जुड़े गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं। यह ज्ञापन कल अपर सियांग उपायुक्त के माध्यम से यिंगकियोंग में सौंपा गया। AUSDSU ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ये माँगें जिले के छात्र समुदाय की सामूहिक आवाज़ और ज़रूरतों को दर्शाती हैं।